देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 111 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**यूएन के पुनर्गठन का मुद्दा



देहरादून, बुधवार, 29 जुलाई 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

38492.95

2 केपी शर्मा ओली के घर डटे प्रचंड

7 रिटायर हो सकते हैं डेविड वार्नर?

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोविड-19 के मामले बढ़कर 14,83,156 हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 47,703 नए मामले सामने आने के बाद मंगलवार को देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 14,83,156 हो गए। वहीं, संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 9,52,743 हो गई है और जिससे देश में कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर अब 64.24 प्रतिशत है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी किए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 654 और लोगों की मौत से देश में कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33,425 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 4,96,988 लोगों का कोविड-19 का इलाज चल रहा है।

### पीएम के मंदिर दौरे पर भड़के ओवैसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के राम मंदिर भूमि पूजन के लिए जाने पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। असदुद्दीन औवैसी ने पीएम के मंदिर के शिलान्यास में जाने को संविधान के शपथ का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि पंथनिरपेक्षता भारत के संविधान का अभिन्न अंग है और यह उसका अनादर होगा। बता दें कि पीएम मोदी 5 अगस्त को अयोध्या जाएंगे। वहां वह राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जब 5 अगस्त को राम मंदिर की आधारशिला रखेंगे उसी के बाद से मंदिर का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। दिवंगत ऐक्टर सुशांत के पिता के के सिंह ने ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती के खिलाफ पटना में एफआईआर दर्ज कराई है। बता दें, सुशांत के सूइसाइड को लेकर मुंबई पुलिस ने रिया से काफी पूछताछ की थी। अब सुशांत के पिता ने रिया पर सुशांत को प्यार में फंसाकर उसके पैसे निकालने का आरोप लगाया है।

# पांच जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

## उत्तराखंड में बदला मौसम, दून में झमाझम बारिश शुरू

**संवाददाता**

देहरादून। दून समेत आसपास के इलाकों में सुबह घने बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। प्रमुख मार्गों समेत अधिकतर क्षेत्रों में तेज बारिश के चलते सड़कें जलमग्न हो गई। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। कुमाऊं के पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में बारिश को लेकर रेड अलर्ट है। गढ़वाल में पौड़ी और देहरादून में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

इस बीच जिला प्रशासन ओर आपदा प्रबंधन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। देहरादून में हो रही झमाझम बारिश के चलते पारे

■तेज बारिश के चलते सड़कें हुई जलमग्न

में भी गिरावट दर्ज की गई। आइएसबीटी, रेलवे स्टेशन, प्रिंस चौक आदि मुख्य मार्गों के साथ ही कई क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी घुस गया। इस बीच भूस्खलन से सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को बदरीनाथ और यमुनोत्री हाईवे क्रमशरू दो और पांच घंटे बंद रहे। पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाले मार्ग अभी तक नहीं खुल पाए हैं। ये मार्ग दस दिन से मलबा आने से बंद हैं। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मंगलवार को पिथौरागढ़, नैनीताल, बागेश्वर, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर के साथ ही पौड़ी



जिले में भी तेज बारिश होने के आसार हैं।

मंगलवार सुबह केदारनाथ धाम में धूप खिली जबकि अन्य जगहों पर घना कोहरा छाए रहने के साथ ही बारिश के आसार बने हुए हैं। सोमवार रात से हो रही बारिश के कारण हुए भूस्खलन से बदरीनाथ हाईवे के पीपलकोटी, भनारपानी, लामबगड़, कुहेड मार्ग बंद हो गया। पौड़ी में भी मंगलवार सुबह घने बादल छाए रहने के साथ बारिश के आसार हैं। यहां सभी मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू है।

### फिलहाल बारिश से राहत मिलने के आसार नहीं

उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में फिलहाल बारिश से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को कुमाऊं के पांच जिलों के साथ ही पौड़ी में भारी बारिश के आसार हैं। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया जा चुका है। अलर्ट को देखते हुए शासन ने भी जिलाधिकारियों से सजग रहने को कहा है। दून में सुबह से बादल छाए रहने के साथ बारिश के आसार हैं। मसूरी में भी पूरी रात में बारिश होने के बाद सुबह कोहरा छाया हुआ है। ऋषिकेश के आसपास वाले क्षे.ों में रात से रुक रुककर बारिश हो रही है।

# राफेल के स्वागत के लिए अंबाला तैयार

## एयरफोर्स बेस के आसपास धारा 144 लागू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंबाला। अत्याधुनिक मिसाइलों और घातक बमों से लैस भारतीय वायुसेना के सबसे घातक फाइटर जेट राफेल 29 जुलाई को अंबाला पहुंचने वाला है। इसको देखते हुए अंबाला एयरफोर्स के आसपास इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है। एक हफ्ते के अंदर ही इन विमानों को किसी भी मिशन के लिए तैयार कर लिया जाएगा। इन फाइटर जेट को उड़ाने के लिए कुल 12 पायलटों को ट्रेनिंग दी गई है।

बता दें कि कुल 5 राफेल 27 जुलाई को फ्रांस से भारत के लिए रवाना हुए थे। मंगलवार को इसने अबूधाबी में लैंडिंग की। चीन और पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच इन फाइटर जेट का भारत के लिए रवाना होना काफी अहम माना

### हफ्ते भर में लगेंगे मिशन पर



चीन बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति बनी हुई है उसे देखते हुए राफेल को आते ही काम पर लगाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, एक हफ्ते के अंदर ही इन विमानों को किसी भी मिशन के लिए तैयार कर लिया जाएगा। राफेल विमान दुनिया की सबसे घातक मिसाइलों और सेमी स्टील्थ तकनीक से लैस हैं। इन विमानों के भारतीय वायुसेना में शामिल होने से देश की सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा होगा।

जा रहा है। राफेल विमानों के रवाना होने से पहले फ्रांस में भारतीय दूतावास ने इन राफेल विमानों और इंडियन एयरफोर्स के जांबाज पायलटों की तस्वीर भी जारी की है।

**हवा में ही रिफ्यूल हुए राफेल**

फ्रांस से भारत आने के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों को हवा में ही रिफ्यूल किया गया। भारतीय वायुसेना ने फ्रांसीसी एयरफोर्स का सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया है। ये राफेल करीब 10 घंटे का सफर तय करके भारत आने वाले हैं। बीच में इन्हें अबूधाबी में रोका गया।

वहां राफेल अल धाफरा एयरबेस पर उतरे। यहां पायलट और जेट्स को रेस्ट के लिए रोका गया। करीब 10 घंटे के सफर में दो बार राफेल में हवा में तेल भरा जाएगा, इसके लिए दो विमान उनके साथ अलग से रहेंगे।

# गहलोत कैबिनेट ने तीसरी बार भेजा राज्यपाल को प्रस्ताव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। प्रदेश में मचे सियासी घमासान के बीच एक बार फिर गहलोत कैबिनेट की ओर से राज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने के लिए संशोधित प्रस्ताव भेज दिया गया है। तीसरी बार भेजे गए प्रस्ताव में राज्यपाल की आपत्तियों के जवाब भी भेजे गए हैं। इसके साथ ही उनसे 31 जुलाई से ही सत्र बुलाना के लिए आग्रह किया गया है। आपको बता दें कि मंगलवार को राज्यपाल द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर प्रश्नों को लेकर कैबिनेट ने यह मीटिंग बुलाई थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में सीएम आवास पर हुई इस मीटिंग में राज्यपाल की आपत्तियों पर मंथन कर दोबारा उन्हें संशोधित प्रस्ताव भेज दिया गया। मीटिंग समाप्त होने के बाद परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कैबिनेट मीटिंग में हुई चर्चा पर मीडिया को विस्तृत जानकारी दी।

मंत्री खाचरियावास ने बताया कि कांग्रेस की ओर से एक बार फिर विधानसभा सत्र बुलाने को लेकर पत्र राज्यपाल को दे दिया गया है। दो घंटे चली इस बैठक के बारे में मंत्री खाचरियावास ने बताया कि बैठक में विधानसभा सत्र बुलाने के संशोधित प्रस्ताव पर राज्यपाल द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर चर्चा हुई है।

### सियासी घमासान

■31 जुलाई तक सत्र बुलाने की जताई इच्छा

### हम सुप्रीम कोर्ट तक जाने के लिए हैं तैयारः मायावती

राजस्थान की राजनीति में एक नया मोड़ सामने आ गया है। अब मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को मायावती ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गहलोत सरकार पर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस में बसपा विधायकों के विलय को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाने की बात कह दी है।

***Are you Planning to make a Website or already have ?***

***If yes, then we are here to serve you***

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# राम जन्मभूमि के नीचे नहीं रखा जाएगा टाइम कैप्सूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में पांच अगस्त को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के भूमि पूजन की उलटी गिनती के बीच मंदिर के निर्माण स्थल के नीचे टाइम कैप्सूल रखे जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस प्रकार की किसी भी खबर को अफवाह बताया है जबकि रविवार को ही ट्रस्ट के सदस्य ने निर्माण स्थल के करीब 200 फीट नीचे टाइम कैप्सूल को रखने की बात मीडिया से बताई थी।

चंपत राय ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के नीचे टाइम कैप्सूल रखे जाने की खबर को भ्रामक बताया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में इस बात को साफ कर दिया। वहीं, ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने टाइम कैप्सूल रखे जाने की घोषणा की थी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य कामेश्वर चौपाल के बयानों में भिन्नता से यह मालूम पड़ता है कि सदस्यों में तालमेल नहीं है।

### भूमि पूजन

राम जन्म भूमि की नीव में एक ताम्रपत्र रखा जाएगा